कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक– 2692 /सहारनपुर समेकित/27358/2017, दिनांक, लखनऊ, मार्च 20 , 2018

सेवा में,

वन संरक्षक,
सहारनपुर वृत्त,
सहारनपुर।

विषय : सहारनपुर में नगरीय गैस वितरण परियोजनान्तर्गत बी0पी0सी0एल0 द्वारा 8''/6'' व्यास की गैस पाइपलाईन डालने हेतु शिवालिक में 0.136 हे0 संरक्षित वनभूमि व सा0वा0 सहारनपुर में 6.207 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग व 109 वृक्षों व 116 पोल्स के पातन कुल 6.343 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं बाधक 109 वृक्षों व 116 पोल्स के पातन की अनुमति।

सन्दर्भः आपका पत्रांक–3160/14–10/शि0स0/27358, दि0 08.03.2018

महोदय,

विषयक प्रस्ताव उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरान्त विदित होता है कि प्रस्ताव के साथ कतिपय सूचनायें पूर्ण एवं सुसंगत नहीं हैं, जो निम्न प्रकार हैं :–

1. प्रभागीय निदेशक की स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में प्रभावित वनभूमि की श्रेणी अंकित नहीं है।
2. प्रस्तावित वनभूमि की NPV जमा किये जाने की वचनबद्धता में प्रभावित वनभूमि के दुगुने क्षेत्रफल की एन0पी0वी0 जमा किये जाने की वचनबद्धता संलग्न की गयी है, जो सुसंगत नहीं है। संशोधित वचनबद्धता ऑनलाइन अपलोड कर प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करने का कष्ट करें।
3. एस0एच0–57 के स्वामित्व वाले विभाग (उपशा) की अनापत्ति संलग्न नहीं है। सत्यापित प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करें व ऑनलाइन अपलोड करें।
4. शिवालिक वन प्रभाग के प्रस्तावित स्थल के डिजिटल मानचित्र के साथ समस्त Key Points के Cordinates अंकित नहीं हैं। डिजिटल मानचित्र के साथ समस्त Key Points के Cordinates अंकित हस्ताक्षरित प्रति पोर्टल पर अपलोड कर प्रस्ताव के साथ संलग्न करें।

उपरोक्तानुसार सूचनाओं एवं अभिलेखों को पूर्ण करने हेतु किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्ताव की मूल प्रतियॉ इस कार्यालय से प्राप्त करा लें तथा सूचनाओं व अभिलेखों को ऑनलाइन व ऑफलाइन पूर्ण कर संशोधित प्रस्ताव इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 प्रशान्त कुमार वर्मा)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक– 2692 / ,उक्त दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, शिवालिक एवं सा0वा0 प्रभाग, सहारनपुर।
2– श्री विजय दुग्गल, मुख्य महाप्रबन्धक, बी0पी0सी0एल0, 200–प्रथम तल, पैरामाउण्ट टूलिप, दिल्ली रोड, सहारनपुर।

(डा0 प्रशान्त कुमार वर्मा)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कार्यालय वन संरक्षक सहारनपुर वृत्त सहारनपुर।
पत्रांक 3375/14-10 दि० 21-3-18
प्रतिलिपि निम्नलिखित को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त आपत्तियों का निराकरण लौटती डाक से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
1- प्रभागीय निदेशक सा० वा० प्रभाग, सहारनपुर।
2- प्रभागीय वनाधिकारी शिवालिक वन प्रभाग सहारनपुर

वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक
सहारनपुर वृत्त
सहारनपुर